(शिक्षा विभाग)

# कार्यालयः– जिला शिक्षा पदाधिकारी, जमुई

(शाखा–बिहार शिक्षा परियोजना)

शिक्षा भवन, अशोक टॉउन हॉल रोड–811307

पत्रांक...../

प्रेषक,

**दया शंकर**
जिला शिक्षा पदाधिकारी
जमुई।

सेवा में,

सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी
जिले के सरकारी एवं गैर सरकारी मध्य/माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक
विद्यालय के प्र0अ0/महाविद्यालयों के प्राचार्य,
जिला–जमुई।

जमुई, दिनांक.....।

विषयः– द इंडियन मैथमेटिक्स एण्ड साईंस एसोसिएशन द्वारा आयोजित आर्यभट्ट टाईलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिक्स एण्ड साईंस (ATSTMS-2026) प्रतियोगिता परीक्षा में छात्रों की सहभागिता कराने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक सचिव, द इंडियन मैथमेटिक्स एण्ड साईंस एसोसिएशन व गणित विभाग, कॉलेज ऑफ कॉमर्स, आर्टस एंड साईंस, पटना के पत्रांक 71 दिनांक 30.12.2025 द्वारा सूचित किया गया है कि द इंडियन मैथमेटिक्स एण्ड साईंस एसोसिएशन के तत्वाधान में कक्षा 06 से 12 तथा स्नातक एवं स्नाताकोत्तर स्तर के छात्रों के लिए अखिल भारतीय स्तर पर "आर्यभट्ट टेलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिक्स एण्ड साईंस" प्रतियोगिता परीक्षा आयोजन किया जा रहा है।

उक्त प्रतियोगिता परीक्षा हेतु ऑनलाईन पंजीकरण दिनांक 22.12.2025 से ही संस्था की वेबसाईट www.imsaindia.org के माध्यम से प्रारंभ है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 10.02.2026 तक है। इस प्रतियोगिता परीक्षा में आवेदन करने हेतु किसी प्रकार का पंजीकरण शुल्क नहीं लिया जा रहा है।

अतएव अपने विद्यालय/महाविद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 06 से 12 तथा स्नातक व स्नाताकोत्तर स्तर के छात्रों को उक्त प्रतियोगिता परीक्षा में ऑनलाईन पंजीकरण करने हेतु अपने स्तर से प्रेरित करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि अधिक से अधिक छात्र/छात्राएं इस प्रतियोगिता परीक्षा में आवेदन कर शामिल हो सके।

**अनु0– यथोक्त।**

विश्वासभाजन

ह0/–
जिला शिक्षा पदाधिकारी
जमुई।

**ज्ञापांक** U.S.(SSA) **जमुई, दिनांक** 9/1/2026।

**प्रतिलिपि** :– श्री जितेन्द्र कुमार, +2 उच्च विद्यालय जमुई बाजार–सह–जिला समन्वयक मैथमेटिक्स एण्ड साईंस सोसाईटी जमुई को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि** :– सचिव, द इंडियन मैथमेटिक्स एण्ड साईंस एसोसिएशन वं गणित विभाग, कॉलेज ऑफ कॉमर्स, आर्टस एंड साईंस, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

9/1/26
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
जमुई।


Email – dpossajamui@gmail.com
Mobile - 8544411369
Scanned with OKEN Scanner